# HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर

दिनाँक 21.11.2023

## जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज– IV के तहत भिन्न-भिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया

आज दिनांक 21.11.2023 को **मिशन शक्ति अभियान फेज-IV** के क्रम में जनपद पुलिस टीम द्वारा, अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत जाकर बालिकाओं/महिलाओं को **आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच व उनके अधिकारों** के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न **हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/108/1098** आदि से अवगत कराया गया। **साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध** में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए।










